पंजाब केसरी 23/01/2025

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में फैकल्टी डिवैल्पमैंट कार्यक्रम को संबोधित करते सैंट्रल यूनिवर्सिटी हरियाणा के कम्प्यूटर साइंस विभाग के अध्यक्ष डा. राकेश कुमार। (देवदत्त)

# डोमेन स्कैटिंग साइबर अपराध का ही एक रूप : डा. राकेश कुमार

अम्बाला, 22 जनवरी (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में इंटेलैक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स पर आधारित चल रहे 5 दिवसीय फैकल्टी डिवैल्पमैंट कार्यक्रम के दूसरे दिन सैंट्रल यूनिवर्सिटी हरियाणा के कम्प्यूटर साइंस विभाग के अध्यक्ष डा. राकेश कुमार ने रिसोर्स पर्सन के रूप में शिरकत की। सत्र की शुरुआत कार्यक्रम की कनवीनर डा. प्रबलीन कौर एवं को-कनवीनर डा. भारती सुजान द्वारा मुख्य वक्ता डा. राकेश कुमार के स्वागत से की गई।

डा. राकेश कुमार ने उद्यमशीलता के क्षेत्र में साइबर सिक्योरिटी की आवश्यकता, ई-कॉमर्स, डेटा सेफ्टी, ऑनलाइन प्राइवेसी एवं साइबर सिक्योरिटी की विभिन्न युक्तियों के बारे में विस्तार में जानकारी दी।

यही नहीं, उन्होंने साइबर स्कैटिंग जैसे गंभीर विषय पर भी आवश्यक जानकारी देते हुए बताया कि साइबर स्कैटिंग का मतलब है किसी दूसरे व्यक्ति के ट्रेडमार्क या ब्रैंड नाम का डोमेन नाम खरीदकर उससे फायदा कमाने की कोशिश करना। इसे डोमेन स्कैटिंग भी कहा जाता है, जो साइबर अपराध का ही एक रूप है। इसका मकसद ग्राहकों को भ्रमित करना या लाभ कमाना होता है। साइबर स्कैटिंग के कुछ उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि किसी प्रसिद्ध ब्रैंड के नाम में टाइपोलॉजिकल त्रुटि करके डोमेन खरीदना या किसी सैलिब्रिटी के नाम से नकली वैबसाइट या सोशल मीडिया अकाऊंट बनाना इसके प्रमुख उदाहरणों में से एक हैं। सत्र के अंत में सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टाफ के सदस्यों ने मुख्य वक्ता से आज के विषय से संबंधित प्रश्न पूछे एवं उनके उत्तर प्राप्त किए।

सत्र की समाप्ति पर डा. प्रबलीन कौर, डा. भारती सुजान, प्रो. श्याम रहेजा, डा. मीनू राठी, डा. शिखा जग्गी द्वारा मुख्य वक्ता को स्मृति चिह्न देकर देकर आभार व्यक्त किया।

आज के सत्र के सफल संचालन में प्रो. शिवानी निझावन, प्रो. कमलप्रीत कौर, डा. गीता कौशिक, प्रो. योगिता, प्रो. रीतिका एवं प्रो. जसमीता ने अहम भूमिका निभाई।